एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

# गंगूबाई में आलिया भट्ट के साथ काम करने को रणबीर कपूर ने किया इनकार?



संजय लीला भंसाली की फिल्म इंशाअल्लाह बंद हो गई है। इस फिल्म में सलमान खान और आलिया भट्ट को लीड रोल में कास्ट किया गया था।। हालांकि इसके बाद भी संजय ने यह फैसला लिया कि वह आलिया भट्ट को लेकर दूसरी फिल्म बनाएंगे। इस फिल्म का नाम गंगूबाई रखा गया है और आलिया भट्ट ही इसमें लीड रोल निभाएंगी। यह फिल्म गंगूबाई कोठेवाली की बायॉपिक है जिन्हें मुंबई के इतिहास में कमाठीपुरा की मैडम के नाम से भी जाना जाता है। गंगूबाई को कम उम्र में ही प्रॉस्टिट्यूशन के लिए मजबूर किया गया था और इसके बाद वह महिलाओं से वेश्यावृत्ति कराने वाली बड़ी दलाल बन गईं। अपने समय में गंगूबाई के ग्राहकों में बड़े-बड़े क्रिमिनल और डॉन शामिल थे। हालिया रिपोर्ट्स की माने तो भंसाली इस फिल्म में मेल लीड रोल के लिए रणबीर कपूर से बात कर रहे थे। हालांकि अब ऐसी खबर आ रही है कि रणबीर इस फिल्म में आलिया के साथ नहीं दिखाई देंगे। एक सूत्र के मुताबिक, रणबीर ने पहले भी भंसाली के साथ काम करने से इनकार कर दिया था, इसलिए अब उनके भंसाली के साथ काम करने की संभावना कम ही है। इसके अलावा रणबीर-आलिया ने पहले भी साथ में ऑफर की गई कई फिल्में ठुकरा दी हैं क्योंकि पहले यह कपल अपनी आने वाली फिल्म ब्रह्मास्त्र ऑडियंस का रिस्पॉन्स देखना चाहता है जो अगले साल रिलीज होगी। वैसे हुसैन जैदी के नॉवल माफिया चीन्स ऑफ मुंबई पर बनने वाली गंगूबाई में भंसाली पहले प्रियंका चोपड़ा को लीड रोल में लेना चाहते थे और तब इसका नाम हीरा मंडी रखा गया था। बताया जा रहा है कि इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू हो जाएगी।

# अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं करीना कपूर

अपनी शादी के बाद से करीना कपूर ने काफी कम फिल्में की हैं। बताया जाता है कि करीना अब अपनी फिल्मों के चुनाव में बेहद चूजी हो गई हैं। अब खबर मिल रही है कि करीना कपूर किसी अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं। हालांकि किसी भी स्क्रिप्ट के चुनाव से पहले उन्होंने एक खास शर्त भी रख दी है।

करीना के जुड़े एक करीबी सूत्र ने बताया है कि करीना ने कई सारी स्क्रिप्ट पढ़ी हैं और उन्हें कई ऑफर्स भी मिले हैं। हालांकि उन्होंने इस बार यह शर्त लिख दी है कि वह अपने पति सैफ अली खान के साथ फिल्म करना चाहती हैं। दरअसल साल २००९ में रिलीज हुई फिल्म कुर्बान के बाद से इस कपल ने एक साथ काम नहीं किया है। अब बेबो एक बार फिर सैफ के साथ ऑन-स्क्रीन रोमांस करना चाहती हैं। वैसे बताया जा रहा है कि सैफ अली खान की आने वाली फिल्म जवानी जानेमन में भी करीना कपूर कैमियो किरदार निभा सकती हैं। हालांकि अभी तक इस बात पर कोई कन्फर्मेशन नहीं आया है। वैसे पपराजी के लिए सैफ और करीना की जोड़ी हमेशा से खास रही है और यह कपल एक-दूसरे के लिए प्यार जताने में कोई कसर भी नहीं छोड़ता है।करीना इस समय अपनी आने वाली फिल्म गुड न्यूज की रिलीज का इंतजार कर रही हैं जो आने वाले क्रिसमस पर 27 दिसंबर को रिलीज होगी। फिल्म में उनके अक्षय कुमार, कियारा आडवाणी और दिलजीत दोसांझ दिखाई देंगे।

# अच्छा हो या बुरा, मेरा दिल हमेशा तुम्हारा ही रहेगा: जेनेलिया

रितेश देशमुख और सिद्धार्थ राय मल्होत्रा की आगामी फिल्म मरजावां का ट्रेलर गुरुवार को लॉन्च हो गया. फिल्म के ट्रेलर को देखकर लोग इस पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं और ऐसे में रितेश देशमुख की पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया डीसूजा ने भी इस पर अपनी राय जाहिर की है. रितेश ने गुरुवार को अपनी इस आने वाली फिल्म के ट्रेलर को ट्विटर पर लॉन्च करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, तू नायक तो मैं खलनायक, तू साणा तो मैं डेढ साणा! फिल्म में रितेश एक विलेन का किरदार निभा रहे हैं. इसमें रितेश देशमुख ने एक विलेन के गाने तेरी गलियां गाते हुए एंट्री मारी है. शाहरुख के बाद अब वो बड़े पर्दे पर बौने के अवतार में दिखेंगे. ट्रेलर में वो कहते हैं, कमीनेपन की हाइट क्या है तीन फुट... मैं राक्षस नहीं हूं, मैं अवतार हूं. फिल्म की कहानी तारा और सिद्धार्थ के किरदार के ईर्द गिर्द घूमती है जिन्हें प्यार हो जाता है और उन्हें किसी वजह से अलग करने विलेन आता है. ट्रेलर में सिद्धार्थ और तारा के हिस्से कोई भी अच्छा डायलॉग नहीं आया है. सिद्धार्थ जो भी डायलॉग मारते हैं वो काफी भारी भरकम हैं. जैसे, मैं बदला नहीं लूंगा मैं इंतकाम लूंगा. सिद्धार्थ के एक्शन सीन्स भी कुछ खास नहीं लगे हैं. जबरिया जोड़ी सहित सिद्धार्थ मल्होत्रा की पिछली कई फिल्में फ्लॉप हो चुकी हैं. ऐसे में देखना होगा कि ये फिल्म फैंस को पसंद आती है या नहीं. तारा की ये दूसरी बॉलीवुड फिल्म है. तारा सुतारिया ने फिल्म स्टुडेंट ऑफ द ईयर 2 से बॉलीवुड में कदम रखा था. इस फिल्म में उनकी एक्टिंग की तारीफ हुई थी. मिलाप जावेरी द्वारा निर्देशित यह फिल्म पहले 22 नवंबर को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह 8 नवंबर को रिलीज होगी. फिल्म में रकुल प्रीत सिंह और तारा सुतारिया भी हैं.